

WHISPERS IN THE CORRIDORS .COM

डॉ. सुरेश मेहरोत्रा .COM

नईदुनिया से विशेष अनुबंध के तहत

राजनीतिक, प्रशासनिक व कॉर्पोरेट जगत की खबरें

## राजनीतिक

- **सांसदों को कड़ी निगरानी देखकर आश्चर्य हुआ**

तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के बागी सांसदों में से कई को चौंका देने वाली एक बैठक में, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को 7 एलकेएम स्थित अलग हुए दल के सभी 19 सदस्यों से मुलाकात की और उन्हें अपने अटूट समर्थन का आश्वासन दिया। लेकिन सबसे बड़ा आश्चर्य तब हुआ जब बैठक सुबह की चाय के साथ समाप्त हुई। सांसदों के जाने से पहले, प्रधानमंत्री ने व्यक्तिगत रूप से प्रत्येक सांसद को सफेद लिफाफे में ए4 आकार का एक रिपोर्ट कार्ड सौंपा, जिसमें एक व्यक्तिगत डिजिटल प्रदर्शन रिपोर्ट थी। यह एक पारंपरिक राजनीतिक रिपोर्ट से बिल्कुल अलग थी, जिसमें प्रत्येक सांसद की पिछले 90 दिनों की डिजिटल गतिविधियों का विस्तृत विवरण दिया गया था। इसमें X, इंस्टाग्राम और फेसबुक जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर उनकी गतिविधियों को शामिल किया गया था, जिससे उनकी सहभागिता, संपर्क और ऑनलाइन उपस्थिति उजागर हुई। कई सांसद रिपोर्टों में दिए गए विस्तृत विवरण को देखकर आश्चर्यचकित रह गए, और कई ने स्वीकार किया कि उन्होंने अपनी सार्वजनिक और डिजिटल गतिविधियों की इतनी बारीकी से निगरानी की उम्मीद नहीं की थी।

- **परीक्षा डेटा लीक के खिलाफ कांग्रेस और आम आदमी पार्टी को भी विरोध का सामना करना पड़ रहा है, लेकिन वे मोदी सरकार के खिलाफ मुखर हैं**

कांग्रेस और आम आदमी शासित राज्यों में भी परीक्षा परिणाम लीक के खिलाफ आंदोलन चल रहा है, लेकिन राजनीतिक कारणों से ये पार्टियां परीक्षा परिणाम लीक और भ्रष्ट शिक्षा प्रणाली को लेकर भाजपा के नेतृत्व वाली मोदी सरकार का विरोध कर रही हैं। ये पार्टियां अपने राज्य के सार्वजनिक शिक्षा आयोगों में खामियों को स्वीकार करने को तैयार नहीं हैं। केरल, कर्नाटक और झारखंड में हाल ही में आयोजित राज्य लोक सेवा आयोग (PSC) परीक्षाओं में कथित भ्रष्टाचार को लेकर छात्र विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। केरल में, परीक्षा उत्तीर्ण कर चुके सैकड़ों उम्मीदवार, जिन्हें अभी तक सरकारी पदों पर नियुक्ति नहीं मिली है, लगभग एक महीने से विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। PSC रैंक सूची में शामिल होने के बावजूद, सफल उम्मीदवारों को पिछले दो वर्षों से नियुक्ति पत्र नहीं मिले हैं। झारखंड में, झारखंड PSC और छत्तीसगढ़ द्वारा आयोजित सरकारी नौकरी भर्ती प्रक्रिया में अनियमितताओं के विरोध में छात्र रांची में प्रदर्शन कर रहे हैं। कर्नाटक में, पशु चिकित्सा अधिकारियों के चयन में गड़बड़ी के आरोपों के बाद, कर्नाटक लोक सेवा आयोग (KPSC) ने चयन सूची को अस्थायी रूप से रोक दिया है और आरोपों की जांच के लिए एक आंतरिक उप-समिति का गठन किया है। हाल ही में, उम्मीदवारों ने बेंगलुरु के फ्रीडम पार्क में पशु चिकित्सा अधिकारी भर्ती प्रक्रिया में अनियमितताओं का आरोप लगाते हुए विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने मांग की कि कथित भर्ती घोटाले की जांच सीबीआई को सौंपी जाए। इन तीनों राज्यों में से दो में कांग्रेस की सरकार है, जबकि झारखंड में कांग्रेस गठबंधन सहयोगी है।

## प्रशासनिक

- **आईएएस अधिकारी हरिशंकर पणिक्कर दार्जिलिंग को एक वैश्विक पर्यटन स्थल बनाने का सपना देखते हैं**



पश्चिम बंगाल कैडर के 2013 बैच के आईएएस अधिकारी और वर्तमान में दार्जिलिंग के जिला मजिस्ट्रेट के पद पर तैनात हरिशंकर पणिक्कर जिले को एक जीवंत पर्यटन केंद्र में परिवर्तित करने के साथ-साथ समग्र पर्यटन अनुभव को बेहतर बनाने के लिए प्रयासरत हैं। चाय के लिए प्रसिद्ध, पहाड़ी जिले दार्जिलिंग में और भी बहुत कुछ देखने लायक है। उन्होंने कहा, 'हम मुख्यमंत्री और पर्यटन मंत्री के मार्गदर्शन में दार्जिलिंग को एक वैश्विक पर्यटन स्थल बनाना चाहते हैं।' अपनी अनूठी ऐतिहासिक और सांस्कृतिक धरोहरों का लाभ उठाते हुए - प्रतिष्ठित दार्जिलिंग हिमालयन रेलवे, विशाल चाय बागानों और औपनिवेशिक काल की वास्तुकला से लेकर अपने सुरम्य पहाड़ों तक - जिला प्रशासन आगंतुकों को समृद्ध विरासत को देखने में अधिक समय बिताने के लिए प्रोत्साहित कर रहा है। पर्यटन के साथ-साथ, प्रसिद्ध दार्जिलिंग संतरे जैसी बागवानी को बढ़ावा देने पर भी ध्यान केंद्रित किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त, कॉफी की खेती पर भी विचार किया जा रहा है। 'हम चाहते हैं कि लोगों के पास दार्जिलिंग चाय और दार्जिलिंग कॉफी दोनों चुनने का विकल्प हो।' इन पहलों का उद्देश्य आजीविका के नए अवसर पैदा करना और जिले की पहचान को व्यापक बनाना है। पैनिक्कर दार्जिलिंग की मौजूदा खूबियों को अपनाते हुए पर्यटन और कृषि विविधीकरण को बढ़ावा दे रहे हैं, जो जिले के दीर्घकालिक आर्थिक विकास में योगदान दे रहा है।

- **भारत सरकार में इस महीने कोई भी सचिव सेवानिवृत्त नहीं होगा**

भारत सरकार में फिलहाल कोई भी सचिव रैंक का अधिकारी तैनात नहीं है जो अगस्त में सेवानिवृत्त होने वाला हो। सचिव स्तर की नियुक्तियां पिछले महीने ही हो चुकी हैं।

- **सरकार ने नए निदेशक, ईडी के चयन के लिए पहली बैठक की**

सूत्रों के मुताबिक, हाल ही में औद्योगिक विभाग के निदेशक के चयन के लिए एक बैठक आयोजित की गई थी। उन्होंने बताया कि यह एक प्रारंभिक बैठक थी जिसमें कुछ नामों पर चर्चा हुई।

- **CBIC ने बिक्रम सिंह नेगी की VR स्वीकार कर ली**

सीबीआईसी ने बिक्रम सिंह नेगी की आईआरएस (सी एंड आईटी) से स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति की अर्जी 5 अगस्त, 2026 से स्वीकार कर ली है। वे सहायक आयुक्त थे।

- **2 आईटीएस अधिकारी मुख्यालय को रिपोर्ट करते हैं**

प्रतिनियुक्ति और अवकाश से स्वदेश वापसी के बाद, दो सूचना प्रौद्योगिकी अधिकारी - संदीप कुमार सिंघल और विकास दैला ने विभाग मुख्यालय में कार्यभार संभाला है। सिंघल एसएजी स्तर के अधिकारी हैं जबकि दैला जेएजी स्तर के अधिकारी हैं।

- **चार ट्रेड सर्विस परिवीक्षाधीन कर्मचारियों की पुष्टि मिल गई**

परिवीक्षा अवधि सफलतापूर्वक पूरी करने के बाद, चार भारतीय व्यापार सेवा कर्मियों (आईटीएसआरएस) को जूनियर टाइम स्केल (जेटीएस) में स्थायी कर दिया गया है। वे हैं- सचिन अग्रवाल (2021 बैच), अमल बहुलेयन के, सुश्री दिव्या पटेल और सुश्री गुरप्रीत कौर।

- **IDES अधिकारी नाइक को SAG के पद पर पदोन्नति मिली**

डी. मधुकर नाइक को वर्ष 2023 के लिए वरिष्ठ प्रशासनिक ग्रेड (एसएजी) में पदोन्नत किया गया है और उन्हें नई दिल्ली स्थित मुख्यालय में अतिरिक्त महानिदेशक के पद पर तैनात किया गया है। वे 2002 बैच के आईडीईएस अधिकारी हैं।

- **उत्सव शुक्ला को रेलवे बोर्ड में यातायात परिवहन (पीओएल) निदेशक के रूप में पदस्थापन मिला**



उत्सव शुक्ला, जो वर्तमान में पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे (एनएफआर) में तैनात हैं, का तबादला रेलवे बोर्ड में कर दिया गया है और उन्हें यातायात परिवहन निदेशक (पीओएल) के पद पर तैनात किया गया है। वे भारतीय रेलवे यातायात सेवा (आईआरटीएस) अधिकारी हैं।

# लखनऊ में मेडिकल टूरिज्म के विकास की अपार संभावनाएं : मुख्य सचिव

**राज्य ब्यूरो, नईदुनिया, लखनऊ :** उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव एस.पी. गोयल ने शनिवार को गोमती नगर विस्तार स्थित हेल्थसिटी विस्तार सुपरस्पेशियलिटी हॉस्पिटल एंड ट्रॉमा सेंटर के द्वितीय स्थापना दिवस समारोह को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित किया।

इस अवसर पर मुख्य सचिव ने कहा कि संस्थान की ओर से बड़ी संख्या में मरीजों को गुणवत्तापूर्ण एवं विशेषज्ञ चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। मरीजों की बदलती आवश्यकताओं के अनुरूप नई सुपरस्पेशियलिटी सेवाओं तथा अत्याधुनिक चिकित्सा तकनीकों को निरंतर शामिल किया जाना सराहनीय है।

मुख्य सचिव ने कहा कि विगत वर्षों में उत्तर प्रदेश में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य के क्षेत्र में अभूतपूर्व विकास हुआ है। लखनऊ में मेडिकल टूरिज्म के विकास की अपार संभावनाएं हैं। शहर में सार्वजनिक क्षेत्र में संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान, डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान तथा किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी जैसे प्रतिष्ठित चिकित्सा संस्थान उपलब्ध हैं। इसके साथ ही निजी क्षेत्र में भी अनेक उत्कृष्ट एवं अत्याधुनिक अस्पताल तथा चिकित्सा सुविधाएं विकसित हुई हैं।



उन्होंने कहा कि लखनऊ को देश-विदेश के मरीजों के लिए एक प्रमुख मेडिकल टूरिज्म डेस्टिनेशन के रूप में स्थापित करने के लिए सभी संबंधित संस्थानों एवं हितधारकों को मिलकर एक समन्वित रणनीति तैयार करने की आवश्यकता है। विशेष रूप से खाड़ी देशों, दक्षिण एशिया तथा अन्य देशों से मरीजों को लखनऊ की ओर आकर्षित करने के लिए संगठित एवं सुनियोजित प्रयास किए जा सकते हैं। मुख्य सचिव ने कहा कि इसके लिए अस्पतालों, होटल एवं हॉस्पिटैलिटी क्षेत्र, ट्रैवल एजेंसियों, संबंधित सरकारी विभागों तथा अन्य सेवा प्रदाताओं के प्रतिनिधियों को एक मंच पर लाकर प्रभावी व्यवस्था विकसित की जानी चाहिए। ऐसी व्यवस्था हो, जिसके माध्यम से विदेशी मरीजों को वीजा संबंधी आवश्यकताओं, यात्रा एवं आवास, अस्पताल में भर्ती, सर्जरी एवं उपचार, स्थानीय परिवहन तथा उपचार के बाद की आवश्यक सेवाओं में समुचित सहायता उपलब्ध हो सके। इससे विदेशी मरीजों के लिए उपचार की पूरी प्रक्रिया सरल, सुरक्षित, सुविधाजनक एवं सुव्यवस्थित बनाई जा सकेगी। मुख्य सचिव ने कहा कि उत्तर प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं के निरंतर विस्तार एवं आधुनिकीकरण के साथ मेडिकल टूरिज्म को भी एक प्रमुख क्षेत्र के रूप में विकसित करने की व्यापक संभावनाएं हैं। लखनऊ इस दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। इस अवसर पर मुख्य सचिव ने अस्पताल का निरीक्षण किया तथा वहां उपलब्ध चिकित्सा सुविधाओं, अत्याधुनिक उपकरणों एवं मरीजों को उपलब्ध कराई जा रही सेवाओं का जायजा लिया।

कार्यक्रम में हेल्थसिटी विस्तार के मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. संदीप कपूर ने कहा कि अस्पताल की स्थापना का उद्देश्य केवल एक नए अस्पताल की शुरुआत करना नहीं, बल्कि लखनऊ एवं आसपास के क्षेत्रों के मरीजों को आधुनिक, गुणवत्तापूर्ण एवं विशेषज्ञ चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराना था। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में भी स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार एवं उन्नयन का कार्य निरंतर जारी रहेगा।

# प्रयागराज से सैफई तक साइकिल से निकली पीडीए कांवड़ यात्रा का औरैया में सपा कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत



**औरैया।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज जिले की विभिन्न विधानसभाओं से पवित्र संगम का गंगाजल लेकर पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) कांवड़ यात्रा पर निकले समाजवादी पार्टी (सपा) के युवा कार्यकर्ताओं का शनिवार को जनपद औरैया पहुंचने पर जोरदार स्वागत किया गया। साइकिल से प्रयागराज संगम का गंगाजल लेकर निकले युवा साथी सैफई में श्रद्धेय नेता मुलायम सिंह यादव की प्रतिमा पर जलाभिषेक करने के लिए जा रहे हैं। यात्रा के औरैया पहुंचने पर सपा जिलाध्यक्ष सर्वेश बाबू गौतम ने पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ नेशनल हाईवे स्थित एक होटल पर फूल-मालाओं से यात्रा में शामिल लोगों का स्वागत किया।

इस मौके पर सपा जिलाध्यक्ष सर्वेश बाबू गौतम ने कहा कि पार्टी के युवा साथी कमलेश यादव, विकास भदारी, सुनील यादव, देवेंद्र जगतपुर, अमरदीप यादव और कृष्णा यादव (मास्टर) प्रयागराज संगम से गंगाजल भरकर श्रद्धेय नेता मुलायम सिंह यादव के समाधि स्थल सैफई पहुंच रहे हैं। उन्होंने कहा कि औरैया की ओर से सभी युवा साथियों का बहुत-बहुत स्वागत और अभिनंदन है। उन्होंने कहा कि युवाओं के इस उत्साह और संघर्ष की भावना से पार्टी को मजबूती मिलेगी।

सपा जिलाध्यक्ष ने कहा कि वह आशा करते हैं कि वर्ष 2027 में राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को उत्तर प्रदेश का मुख्यमंत्री बनाने का युवाओं का सपना पूरा होगा। उन्होंने कहा कि जनपदवासियों की भी यही इच्छा है और पार्टी कार्यकर्ता इसके लिए पूरी मजबूती से काम करेंगे। सपा के वरिष्ठ नेता लालजी शुक्ला ने कहा कि प्रयागराज से गंगाजल लेकर युवा साथी सैफई के लिए निकले हैं।

# सावन के दूसरे सोमवार और शिवरात्रि पर औरैया में भारी वाहनों का रूट डायवर्जन

**औरैया।** उत्तर प्रदेश के औरैया जनपद में सावन के दूसरे सोमवार 10 अगस्त और श्रावण मास शिवरात्रि 11 अगस्त को देवकली मंदिर समेत जिले के विभिन्न शिव मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए यातायात व्यवस्था में बदलाव किया गया है। औरैया पुलिस ने भारी वाहनों के लिए रूट डायवर्जन जारी किया है। डायवर्जन रविवार नौ अगस्त की शाम छह बजे से 11 अगस्त की रात तक प्रभावी रहेगा। इस दौरान शहर में भारी वाहनों का प्रवेश पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा।

पुलिस के अनुसार जालौन से बिलराया-पनवाड़ी मार्ग होते हुए औरैया आने वाले भारी वाहनों को बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे से भेजा जाएगा। कन्नौज और छिबरामऊ से एरवाकटरा आने वाले वाहनों को सौरिख कट से आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे की ओर डायवर्ट किया जाएगा। इटावा-ऊसराहार से एरवाकटरा की ओर आने वाले भारी वाहन उमरैन पुल के नीचे से आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे की सर्विस रोड से भरथना होते हुए अपने गंतव्य को जाएंगे। इटावा-ऊसराहार से लखनऊ व कानपुर जाने वाले भारी वाहनों को भी उमरैन पुल के नीचे से आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे की सर्विस रोड और सौरिख कट के रास्ते भेजा जाएगा। कानपुर देहात से याकूबपुर-बेला होते हुए औरैया आने वाले भारी वाहनों को रसूलाबाद चौराहा से झींझक होते हुए एनएच-19 पर भेजा जाएगा। कंचौसी से औरैया आने वाले भारी वाहनों को भी झींझक होकर एनएच-19 से अपने गंतव्य की ओर जाना होगा। औरैया से जालौन जाने वाले भारी वाहनों को मंगलाकाली चौराहा (जालौन चौराहा) से एनएच-19 व बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे की ओर डायवर्ट किया जाएगा।

# अपराध नियंत्रण को लेकर एसपी ने कसी नकेल लंबित विवेचनाओं के त्वरित निस्तारण के निर्देश

**देवरिया।** उत्तर प्रदेश के देवरिया जनपद में पुलिस लाइन सभागार में पुलिस अधीक्षक अभिजित आर. शंकर की अध्यक्षता में शनिवार को अपराध समीक्षा गोष्ठी आयोजित की गई। बैठक में अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी आनंद कुमार पांडेय सहित सभी क्षेत्राधिकारी, थाना प्रभारी और शाखा प्रभारी मौजूद रहे। गोष्ठी में अपराध नियंत्रण, कानून-व्यवस्था को मजबूत करने और पुलिस कार्यप्रणाली को और प्रभावी बनाने को लेकर दिशा-निर्देश दिए गए।

एसपी ने हत्या, लूट, डकैती, बलात्कार, चोरी, नकबजनी समेत गंभीर अपराधों की समीक्षा करते हुए वांछित अभियुक्तों की जल्द गिरफ्तारी और मामलों में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। महिला और बाल अपराधों को लेकर संवेदनशीलता बरतने तथा पीड़ितों को समयबद्ध न्याय दिलाने के लिए विवेचना की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने को कहा।

साइबर अपराध, एनडीपीएस एक्ट, गौ-तस्करी, अवैध शराब, जुआ और सट्टे के खिलाफ थाना स्तर पर अभियान चलाकर प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। अपराधियों के खिलाफ निरोधात्मक कार्रवाई, गैंगस्टर एक्ट, गुंडा एक्ट और संपत्ति कुर्की की कार्रवाई में तेजी लाने को कहा गया। वांछित और इनामी अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए विशेष टीम गठित कर परिणाममुखी कार्रवाई पर जोर दिया गया।

एसपी ने लंबित विवेचनाओं को समयबद्ध और निष्पक्ष तरीके से पूरा कर निर्धारित समय में आरोपपत्र न्यायालय भेजने के निर्देश दिए। आईजीआरएस, जनसुनवाई और थानों पर आने वाले प्रार्थना पत्रों के गुणवत्तापूर्ण एवं त्वरित निस्तारण पर भी जोर दिया। रात्रि गश्त, चेकिंग और संवेदनशील स्थानों पर पुलिस की मौजूदगी बढ़ाने के निर्देश दिए गए। यातायात व्यवस्था सुधारने के लिए अत्याधुनिक इंटरसेप्टर वाहन का प्रभावी उपयोग करने को कहा गया। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर लगातार निगरानी रखते हुए अफवाह, आपत्तिजनक और भड़काऊ पोस्ट के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए गए।

तकनीकी पुलिसिंग के तहत संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों के सत्यापन के लिए यक्ष एप के नियमित उपयोग तथा साइबर अपराधियों के खिलाफ ऑपरेशन साई-वज्र के तहत कार्रवाई करने को कहा गया। साइबर ठगी के मामलों में होल्ड अथवा फ्रिज करायी गई राशि को विधिक प्रक्रिया पूरी कर पीड़ितों के खातों में वापस कराने के लिए लीन अमाउंट की कार्रवाई में तेजी लाने के निर्देश भी दिए गए।

# कानपुर का जिला पुस्तकालय बना युवाओं का 'नॉलेज हब'

**राज्य ब्यूरो, नईदुनिया, कानपुर :** युवाओं को बेहतर शैक्षिक माहौल और आधुनिक अध्ययन के लिए सुविधाएं उपलब्ध कराने की योगी सरकार की पहल कानपुर नगर के राजकीय जिला पुस्तकालय में दिखाई दे रही है।

पुस्तकालय में करीब 67 हजार किताबों के साथ ऑनलाइन अध्ययन सामग्री, ई-बुक्स, इंटरनेट की सुविधा उपलब्ध है। यहां करीब 400 विद्यार्थी सक्रिय सदस्य हैं। स्टूडेंट्स यहां आकर नियमित रूप से प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे हैं। यूपीएससी, यूपीपीएससी, एसएससी, पुलिस और बैंकिंग सहित विभिन्न परीक्षाओं की तैयारी करने वाले युवाओं को एक ही जगह पर किताबों के साथ डिजिटल संसाधन भी मिल रहे हैं। इतना ही नहीं,



विद्यार्थियों को परीक्षा के तनाव से निपटने और सही करियर चुनने में मदद के लिए हर महीने विशेषज्ञों को बुलाकर काउंसिलिंग भी कराई जाती है।

जिला पुस्तकालय में प्रतियोगी परीक्षाओं से जुड़ी किताबों के अलावा अलग-अलग विषयों की पुस्तकें, साहित्य, इतिहास, सामान्य ज्ञान और समाचार पत्र उपलब्ध हैं। भारतीय ज्ञान परंपरा और संस्कृति से जुड़ी पुस्तकों का भी यहां अच्छा संग्रह है।

# श्रीराम मंदिर में गुंजायमान हुआ विष्णु सहस्रनाम पाठ

**अयोध्या।** श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के यज्ञशाला में शनिवार को ग्लोबल विष्णु सहस्रनाम सत्संग फेडरेशन बंगलूरू के साधक, साधिकाओं ने विष्णु सहस्रनाम का पाठ किया। श्रीमती मीनाक्षी जी के नेतृत्व में आई टोली ने चार घंटे पाठ के उपरांत भगवान श्रीराम समेत मंदिर परिसर में प्रतिष्ठित सभी देवी देवताओं का दर्शन पूजन किया।

# बम-बम भोले के जयकारे लगाते हुए मुरादाबाद से निकले कांवड़ बेड़े

**मुरादाबाद।** सावन मास के द्वितीय सोमवार व मंगलवार को शिवरात्रि पर जलाभिषेक के लिए शनिवार को मुरादाबाद से होकर जनपद बरेली, पीलीभीत, शाहजहांपुर, बदायूं आदि के कांवड़ बेड़े बम-बम भोले के जयकारे लगाते हुए गुजरे। यह सभी शिव भक्त हरिद्वार से कांवड भरकर ला रहे हैं। दो दिन बाद 10 अगस्त को सावन मास का द्वितीय सोमवार और 11 अगस्त को सावन मास की शिवरात्रि है। श्रावण माह के सोमवार और शिवरात्रि पर काफी संख्या में कावड़ बेड़े और श्रद्धालु शिवलिंग व शिव परिवार पर जलाभिषेक कर अपना संकल्प पूरा करते हैं। प्रत्येक वर्ष श्रावण मास में और महाशिवरात्रि पर उत्तराखंड के हरिद्वार व हापुड़ जनपद के गढ़मुक्तेश्वर से कांवड लेकर आते हैं। दोनों स्थान से कावड़ भरकर लाने वाले बरेली, पीलीभीत, शाहजहांपुर, बदायूं आदि के आसपास के जिलों के कांवड़ बेड़े और श्रद्धालु मुरादाबाद होकर गुजरते हैं।


## पश्चिम मध्य रेल

**ई-निविदा सूचना**

मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य), पश्चिम मध्य रेल जबलपुर, भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित हेतु निर्धारित निविदा फॉर्म पर खुली ई-निविदा आमंत्रित करता है।

| NIT क्र. | कार्य का विवरण | यूनिट क्र. | PF क्र. | श्रेणी | वार्षिक सांकेतिक लाइसेंस फीस | 5 साल के लिए अनुबंध का कुल मूल्य | EMD (कुल मूल्य का 5%) | टेंडर फॉर्म की कीमत |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| GMU-CS-26-1 | जबलपुर स्टेशन पर GMU खानपान स्टॉल का ठेका | CS-5 | 1 | सामान्य | 1047548 | 5447250 | 280000 | 3540 |
| GMU-CS-26-2 | जबलपुर स्टेशन पर GMUखानपान स्टॉल का ठेका | CS-10 | 2/3 | सामान्य | 591791 | 3077313 | 160000 | 3540 |
| GMU-CS-26-3 | जबलपुर स्टेशन पर GMU खानपान स्टॉल का ठेका | CS-11 | 4/5 | सामान्य महिला | 587062 | 3052722 | 160000 | 3540 |
| GMU-CS-26-4 | जबलपुर स्टेशन पर GMU खानपान स्टॉल का ठेका | CS-15 | 4/5 | सामान्य महिला | 587062 | 3052722 | 160000 | 3540 |
| GMU-CS-26-5 | जबलपुर स्टेशन पर GMU खानपान स्टॉल का ठेका | CS-18 | 6 | सामान्य महिला | 1123965 | 5844618 | 300000 | 3540 |
| GMU-CS-26-6 | जबलपुर स्टेशन पर GMU खानपान स्टॉल का ठेका | CS-19 | 6 | सामान्य महिला | 1123965 | 5844618 | 300000 | 3540 |
| GMU-CS-26-7 | कटनी स्टेशन पर GMU खानपान स्टॉल का ठेका | CS-1 | 1/2 | सामान्य महिला | 1599748 | 8318690 | 420000 | 3540 |
| GMU-CS-26-8 | कटनी स्टेशन पर GMU खानपान स्टॉल का ठेका | CS-4 | 1/2 | सामान्य | 1599748 | 8318690 | 420000 | 3540 |
| GMU-CS-26-9 | कटनी स्टेशन पर GMU खानपान स्टॉल का ठेका | CS-8 | 3/4 | सामान्य | 1116907 | 5807916 | 300000 | 3540 |
| GMU-CS-26-10 | कटनी स्टेशन पर GMU खानपान स्टॉल का ठेका | CS-12 | 5/6 | सामान्य महिला | 618112 | 3214182 | 170000 | 3540 |
| GMU-CS-26-11 | मैहर स्टेशन पर GMU खानपान स्टॉल का ठेका | CS-1 | 1 | सामान्य | 601435 | 3127642 | 160000 | 3540 |
| GMU-CS-26-12 | मैहर स्टेशन पर GMU खानपान स्टॉल का ठेका | CS-2 | 1 | सामान्य | 601435 | 3127642 | 160000 | 3540 |
| GMU-CS-26-13 | मैहर स्टेशन पर GMU खानपान स्टॉल का ठेका | CS-5 | 2/3 | सामान्य | 438406 | 2279711 | 120000 | 3540 |
| GMU-CS-26-14 | मैहर स्टेशन पर GMU खानपान स्टॉल का ठेका | CS-7 | 2/3 | सामान्य | 438406 | 2279711 | 120000 | 3540 |
| GMU-CS-26-15 | मैहर स्टेशन पर GMU खानपान स्टॉल का ठेका | CS-9 | 2/3 | सामान्य | 438406 | 2279711 | 120000 | 3540 |
| GMU-CS-26-16 | सतना स्टेशन पर GMU खानपान स्टॉल का ठेका | CS-8 | 2/3 | सामान्य महिला | 2019004 | 10498821 | 530000 | 3540 |
| GMU-CS-26-17 | रीवा स्टेशन पर GMU खानपान स्टॉल का ठेका | CS-1 | 1 | सामान्य महिला | 700001 | 3640005 | 190000 | 3540 |
| GMU-CS-26-18 | रीवा स्टेशन पर GMU खानपान स्टॉल का ठेका | CS-2 | 1 | सामान्य | 700001 | 3640005 | 190000 | 3540 |
| GMU-CS-26-19 | रीवा स्टेशन पर GMU खानपान स्टॉल का ठेका | CS-6 | 2 | सामान्य | 405143 | 2106744 | 110000 | 3540 |
| GMU-CS-26-20 | दमोह स्टेशन पर GMU खानपान स्टॉल का ठेका | CS-9 | 2/3 | सामान्य महिला | 401401 | 2087285 | 110000 | 3540 |
| GMU-CS-26-21 | सागर स्टेशन पर GMU खानपान स्टॉल का ठेका | CS-1 | 1 | सामान्य | 281620 | 1464424 | 80000 | 3540 |
| GMU-CS-26-22 | सागर स्टेशन पर GMU खानपान स्टॉल का ठेका | CS-5 | 2 | सामान्य | 442770 | 2302404 | 120000 | 3540 |
| GMU-CS-26-23 | पिपरिया स्टेशन पर GMU खानपान स्टॉल का ठेका | CS-1 | 1/2 | सामान्य महिला | 803838 | 4179958 | 210000 | 3540 |
| GMU-CS-26-24 | पिपरिया स्टेशन पर GMU खानपान स्टॉल का ठेका | CS - 5 | 3 | सामान्य | 96631 | 502481 | 30000 | 3540 |
| GMU-CS-26-25 | पिपरिया स्टेशन पर GMU खानपान स्टॉल का ठेका | CS - 7 | 3 | सामान्य महिला | 96631 | 502481 | 30000 | 3540 |
| GMU-CS-26-26 | पिपरिया स्टेशन पर GMU खानपान स्टॉल का ठेका | CS - 9 | 3 | सामान्य | 96631 | 502481 | 30000 | 3540 |
| GMU-CS-26-27 | नरसिंहपुर स्टेशन पर GMU खानपान स्टॉल का ठेका | CS - 1 | 1 | सामान्य महिला | 203585 | 1058642 | 60000 | 3540 |
| GMU-CS-26-28 | नरसिंहपुर स्टेशन पर GMU खानपान स्टॉल का ठेका | CS - 2 | 1 | सामान्य महिला | 203585 | 1058642 | 60000 | 3540 |
| GMU-CS-26-29 | नरसिंहपुर स्टेशन पर GMU खानपान स्टॉल का ठेका | CS - 6 | 2 | सामान्य | 230765 | 1199978 | 60000 | 3540 |
| GMU-CS-26-30 | नरसिंहपुर स्टेशन पर GMU खानपान स्टॉल का ठेका | CS - 7 | 2 | सामान्य महिला | 230765 | 1199978 | 60000 | 3540 |
| GMU-CS-26-31 | कटनी मुड़वारा स्टेशन पर GMU खानपान स्टॉल का ठेका | CS - 1 | 1 | सामान्य | 1897249 | 9865695 | 500000 | 3540 |
| GMU-CS-26-32 | कटनी मुड़वारा स्टेशन पर GMU खानपान स्टॉल का ठेका | CS - 2 | 1 | सामान्य | 1897249 | 9865695 | 500000 | 3540 |
| GMU-CS-26-33 | कटनी मुड़वारा स्टेशन पर GMU खानपान स्टॉल का ठेका | CS - 3 | 1 | सामान्य | 1897249 | 9865695 | 500000 | 3540 |
| GMU-CS-26-34 | कटनी मुड़वारा स्टेशन पर GMU खानपान स्टॉल का ठेका | CS - 5 | 2/3 | सामान्य महिला | 175692 | 913598 | 50000 | 3540 |
| GMU-CS-26-35 | कटनी मुड़वारा स्टेशन पर GMU खानपान स्टॉल का ठेका | CS - 10 | 4/5 | सामान्य महिला | 1961306 | 10198791 | 510000 | 3540 |

ई-निविदा सुचना की पूर्ण जानकारी रेलवे वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। ई-निविदा सुचना मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य), पश्चिम मध्य रेल जबलपुर के नोटिस बोर्ड पर भी उपलब्ध है। उपरोक्त निविदा दिनांक 24.08.2026 को 15:30 बजे खुलेगी। रेल प्रशासन को बिना कोई कारण बताए किसी भी निविदा का स्वीकार या निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित होगा। (हस्ता)

कृते मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य), पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर


# आपका राशिफल 09 अगस्त

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो अ): अध्ययन-अध्यापन में समय गुजरेगा। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। शुभांक-3-5-6

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): महत्त्वपूर्ण निर्णय के लिए दूरदर्शिता से काम लें। कोष में कमी व व्यय की अधिकता से परेशान होंगे। किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा। जल्दबाजी में कोई भूल संभव है। कार्य भार बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। कार्यक्षेत्र में तनाव पैदा होगा। समय व्ययकारी सिद्ध होगा। शुभांक-3-4-6

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को हा): परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। खान-पान में सावधानी रखें। स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा। अच्छे समय इन्तजार करें। कर्म प्रधान विचार धारा बनाये रखें। शुभांक 3 5 6

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): सामाजिक मान सम्मान बढ़ेगा। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। राजकीय कार्यों से लाभ। मनोबल ऊंचा रखें और काम में लगे रहें। शुभांक-4-6-8

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम को प्राथमिकता से करें। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे है। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। साक्षात्कार के लिए दिन शुभ रहेगा। शुभांक-6-7-9

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): कुछ पिछले संकट अब सिर उठा सकते हैं। अपने संघर्ष में स्वयं को अकेला महसूस करेंगे। अभिष्ट कार्य सिद्ध होंगे। निकटजनों के लिए अर्थव्यवस्था हेतु जोड़ तोड़ करना पड़ेगा। बुरी संगति से बचें। सुविधाओं में शनैः-शनैः बाधा आएगी। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी के कारण तनाव पैदा हो सकता है। शुभांक-4-6-8

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते): पूर्व में किये कार्यों से लाभ मिलेगा। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। स्वास्थ्य पर ध्यान दें। शांतिपूर्वक कार्य करें। दान-पुण्य का कार्य करें। यात्रा शुभ रहेगी। शुभांक-6-8-9

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू): दाम्पत्य जीवन में मधुरता बनी रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने में सफल होंगे। व्यापार में स्थिति ठीक रहेगी। माता पक्ष से विशेष लाभ। शुभांक-2-4-6

**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। शुभांक-1-4-6

**मकर** (भो जा जी खी खू खे खो गा गी): सुनियोजित तरीके से कार्य आरम्भ करें, सफल होंगे। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति होगी। शुभांक-2-4-6

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा): मनोरथ सिद्ध होंगे, पूरे मनोयोग से काम में लगे रहें। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। कारोबारी काम में बाधा बनी रहेगी। शुभांक 6 8 9

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): स्वास्थ्य में ताजगी बनी रहने से नई ऊर्जा का संचार होगा। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। शुभांक-3-6-8